नवंबर - 2023

BSES
BSES Rajdhani Power Limited
a joint venture with GONCTD

HAPPY Diwali

SAMVAD

धागे से बाजार तकः बीआरपीएल का "अनोखा धागा" दक्षिण दिल्ली की वंचित महिलाओं के भविष्य को नया आकार दे रहा है

दक्षिण दिल्ली के संगम विहार में बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) ने अपने सीएसआर पहल के तहत "अनोखा धागा" नाम से हैंडलूम की एक अनोखी प्रशिक्षण इकाई की शुरूआत की है। यहां पारंपरिक खादी से लेकर ताना–बाना और चरखा तक, कई तरह के कताई उपकरण हैं। यह पहल हमारे समुदायों खासकर वंचित पृष्ठभूमि की महिलाओं में आत्म–निर्भरता को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यहां पर प्रशिक्षु न सिर्फ शिल्प/क्राफ़्ट के माध्यम से उत्कृष्ट बेड शीट, सूट, स्कार्फ और स्टोल्स का निर्माण करना सीखेंगी, बल्कि वे पूरे वैल्यू चेन की गहरी समझ भी हासिल करेंगी। इसमें धागे के चयन से लेकर हैंडलूम तकनीक पर अपनी पकड़ बनाना, उत्पादन की देखरेख करना तथा मार्केटिंग कनेक्शंस की जटिलताओं को सीखना, आदि शामिल होगा। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ये नवोदित कारीगर जीविकोपार्जन का टिकाऊ माध्यम स्थापित करने में सक्षम होंगी, जिससे देश की आर्थिक नींव और अधिक मजबूत होगी।

रूफटॉप सोलर के साथ दोहरा लाभः बिजली बिल कम करें और पर्यावरण बचाएं

सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं ने बड़ी संख्या में रूफटॉप सोलर नेट मीटरिंग के कनेक्शन लिए हैं। इनमें आवासीय और सीजीएचएस उपभोक्ता भी शामिल हैं। काफी कम समय में ही बीआरपीएल ने साउथ और वेस्ट दिल्ली में 4600 रूफटॉप सौर ऊर्जा कनेक्शनों को एनर्जाइज कर दिया है, जिसका कनेक्टेड सोलर लोड 115 मेगावॉट के करीब है। बिजली बिल में कमी लाने और पर्यावरण के प्रति अपना योगदान देने का यह एक अच्छा तरीका है।

अब सौर ऊर्जा सिस्टम के लिए आवासीय उपभोक्ता 40 प्रतिशत तक सरकारी सब्सिडी ले सकते हैं (तीन किलोवॉट तक के लिए) और उसके बाद 20 प्रतिशत की सब्सिडी (अगले 7 किलोवॉट तक के लिए)। अपनी रूचि दर्शाने और दरों व वेंडरों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कृपया www.solarbses.com देखें। आप 19123 पर कॉल भी कर सकते हैं (ऑप्शन 8) ।

वैकल्पिक तौर पर उपभोक्ता हाल ही में एमएनआरई द्वारा लॉन्च किए गए नैशनल पोर्टल फॉर रूफटॉप सोलर के माध्यम से भी सोलर चुन सकते है और 14,588 रूपये प्रति किलोवॉट की सब्सिडी ले सकते हैं। पोर्टल पर आवेदन करने के लिए https://solarrooftop.gov.in पर लॉगऑन करें।

नैशनल पोर्टल के तहत उपभोक्ता को ऑफर की जा रही सब्सिडी इस प्रकार हैः

सौर प्लांट क्षमता	लागू सब्सिडी
3 किलोवॉट तक	14,588 रूपये प्रति किलोवॉट
>3 किलोवॉट से अधिक और 10 किलोवॉट तक	3 किलोवॉट तक 14,588 रूपये प्रति किलोवॉट और उसके बाद 7,294 रूपये प्रति किलोवॉट
10 किलोवॉट से अधिक	94,822 रूपये फिक्स्ड
आरडब्ल्यूए और ग्रुप	7294 रूपये प्रति किलोवॉट
हाउसिंग सोसाइटीज जीएचएस के लिए	उस सीजीएचएस/ आरडब्ल्यूए में कॉमन सुविधा के लिए 500 केडब्ल्यूपी @10 केडब्ल्यूपी प्रति घर

भारत में ईवी चार्जिंग पॉइंट्स पर खपत हुई कुल बिजली के 35 प्रतिशत हिस्से की खपत सिर्फ बीएसईएस इलाके में हुई

बीएसईएस दिल्ली में ईवी मुहिम को गति दे रही है। राष्ट्रीय राजधानी में 1000 से अधिक स्थानों पर लगभग 3000 ईवी चार्जिंग पॉइंट्स लगाने को फेसिलिटेट कर, बीएसईएस ने इस दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे प्रयासों के सकारात्मक प्रभावों का प्रमाण ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर हो रही बिजली की खपत है। वित वर्ष 2022–23 के लिए सीईए की एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश के ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर खपत हुई कुल बिजली के 35 प्रतिशत और दिल्ली के चार्जिंग स्टेशनों पर खपत हुई कुल बिजली के 65 प्रतिशत हिस्से की खपत सिर्फ बीएसईएस इलाकों में स्थित चार्जिंग स्टेशनों पर हुई।

अब हम वॉट्सऐप बिजनेस पर भी उपलब्ध हैं! 8800919123 पर हम तक पहुँचे

Available on the App Store | Available on the Android Market

टॉल फ्री 24x7
19123

8800919123 पर
हमें Hi कहें और हमारी
निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठाएं

- बिल देखें व भुगतान करें
- बिल विवरण
- सेल्फ मीटर रीडिंग
- बिजली गुल की शिकायत
- प्रीपेड मीटर बैलेंस तथा रीचार्ज
- बिजली दरें व सब्सिडी डिटेल्स
- और भी बहुत कुछ

अपने फीडबैक भेजें: कारपोरेट कम्युनिकेशन, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, बीएसईएस भवन, नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019

CIN No.: U40109DL2001PLC111527, GSTIN.: 07AAGCS3187H2Z3 | 19123 | www.bsesdelhi.com | www.facebook.com/bsesdelhi | https://twitter.com/BSESDELHI

संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bdg@relianceada.com पर ईमेल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।